लोकसभा अध्यक्ष ने महंत मणिराम के निधन पर शोक व्यक्त किया

विश्नोई समाज को प्रगतिशील बनाने में महंत मनीराम जी के महत्वपूर्ण भूमिका रही : श्री ओम बिरला

नई दिल्ली, 14 अप्रैल, 2021 : लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने लोहावट साथरी के महंत मनीराम जी के निधन पर शोक व्यक्त किया।

अपने संदेश में श्री बिरला ने महंत मनीराम जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा:

“विश्नोई समाज के प्रमुख संत, लोहावट साथरी के महंत मनीराम जी के निधन पर शोक व्यक्त करता हूँ। वे आजीवन समाज हित को समर्पित रहे। विश्नोई समाज को प्रगतिशील बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

ॐ शांति!”